प्रादेषिक समाचार
दिनांक–19.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर आज शाम रांची पहुंचेंगी। रांची पहुंचने के बाद वे सीधे राजभवन जायेंगी, जहां रात्रि विश्राम करेंगी। इसके बाद कल सुबह नामकुम स्थित आईसीएआर के शताब्दी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। राष्ट्रपति के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के निदेशक अभिजीत कर ने बताया कि समारोह तीन चरणों मे संपन्न होगा।

****

इधर, राष्ट्रपति के आगमन और उनकी सुरक्षा को लेकर कड़े प्रबंध किये गये हैं। रांची जोन के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि सुरक्षा में पांच दर्जन से ज्यादा पुलिस अधिकारियों को लगाया गया है।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल साहेबगंज के भोगनाडीह से भाजपा की परिवतर्न यात्रा की शुरूआत करेंगे। इस दौरान वे सभा को भी संबोधित करेंगे। इस सिलसिले में श्री शाह आज देर शाम रांची पहुंच रहे हैं।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने खान विभाग के मंत्री रहते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अपने रिश्तेदारों को जियाडा के औद्योगिक क्षेत्र– चान्हो में 11 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने के मामले में राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। अदालत ने सरकार से यह बताने को कहा है कि मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के आवेदन पर क्या कार्रवाई की गयी है।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के आइइडी ब्लास्ट की चपेट में आने से आज 209 कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया। यह घटना सारंडा जंगल के इलाके में हुई। घायल जवान को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है।

****

पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सदर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने दो युवकों को गोली मार दी है। गोली दोनों के पैर में लगी है। जख्मी हालत में युवकों को ईलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया।

****

खूंटी जिले के भंडरा पंचायत के बरबन्दा गांव का एक **दिव्यांग किसान** लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता –

****

सूचना और प्रसारण मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ मिलकर विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 चला रहा है। यह अभियान 2 से 31 अक्टूबर के बीच चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत कार्यालय परिसर की स्वच्छता, मामलों को निपटाने, बेहतर स्थानीय प्रबंधन और संचार के विभिन्न माध्यम से जागरूकता फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने सभी मीडिया इकाई प्रमुखों के साथ विशेष अभियान 4.0 की प्रगति की समीक्षा बैठक की।

****

इस बीच उज्जैन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में स्वच्छता अभियान एक राष्ट्रव्यापी अभियान बन चुका है। इससे देश में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है।

****